TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 02 अप्रैल

1. **अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस–** यह 1952 में इंटरनेशनल बोर्ड ऑन बुक्स फॉर यंग पीपल एजेंसी द्वारा प्रायोजित की गई थी, जो एक गैर–लाभकारी एजेंसी थी। 1967 में एजेंसी ने आधिकारिक रूप से डेनिश लेखक हेय क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन की सालगिरह पर यह दिवस बनाया गया था।

2. **क्रिप्स प्रस्ताव का अस्वीकार–** क्रिप्स प्रस्ताव से भारत के विभाजन की रूपरेखा का संकेत मिल रहा था। अतः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंतरिम प्रबंध, रक्षा से संबंधित योजना एवं प्रान्तों के आत्मनिर्णय के अधिकार को अस्वीकार कर दिया। दूसरी ओर पाकिस्तान की स्पष्ट घोषणा न किये जाने एवं संविधान सभा के गठन की पृथक निर्वाचन मण्डल को मान्यता न दिये जाने के कारण क्रिप्स प्रस्ताव को मुस्लिम लीग ने भी अस्वीकार कर दिया। हिन्दू महासभा, सिख सांप्रदायिकतावादी, अछूतों के नेता अंबेडकर भी अपने हितों का ख्याल कर इसे स्वीकार नहीं कर सके। फलतः अप्रैल 1942 में क्रिप्स महोदय ने अपना प्रस्ताव वापस ले लिया। इसकी विफलता के लिए भारतीय नेताओं को दोषी ठहराकर वे वापस चले गए। तब महात्मा गांधी ने कहा था– 'क्रिप्स प्रस्ताव एक टूटते हुए बैंक के नाम एक उत्तर दिनांकित चेक था।'
   - **संदर्भः** बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस–** ऑटिज्म या स्वलीनता एक मानसिक बीमारी है जिसके लक्षण बचपन से ही नज़र आने लगते हैं। ऐसे बच्चे को प्रतिक्रिया देने में काफी समय लगता है तथा भाषा संबंधी रूकावट का भी सामना करना पड़ता है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे नज़र मिलाने से कतराते हैं तथा अपनी दुनिया में खोये रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस की घोषणा 2 अप्रैल, 2007 में की थी। भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार प्रति 110 में से एक बच्चा ऑटिज्म से ग्रसित है।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** फिल्मकार दीपक पार्वतीयार की छह मिनट आठ सेकेंड की फिल्म 'आई एम स्पेशलः माई वर्ल्ड इज डिफरेंट' अथवा फिल्म 'बर्फी' (प्रियंका चोपड़ा का किरदार) बच्चों को दिखाया जा सकता है।

4. **भारत की प्रथम मीटर गेज विद्युत रेलगाड़ी–** भारत की मीटर गेज की प्रथम विद्युत रेलगाड़ी मद्रास एण्ड साउथर्न मराठा रेलवे द्वारा 02 अप्रैल, 1931 ई. को ही चलाई गई थी। यह रेलगाड़ी मद्रास बीच से ताम्बरम तक शुरू की गई थी जिसका मद्रास के गवर्नर सर जॉर्ज एफ स्टेनली ने प्रथम मद्रास इलेक्ट्रिक सबअर्बन रेल सेवा के रूप में उद्घाटन किया था। इसे जन सामान्य के लिए 11 मई, 1931 ई. को खोल दिया गया।

TUESDAY

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

2 अप्रैल

**मधु प्रिया**


## अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस 2 अप्रैल




अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस  एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन इंटरनेशनल बोर्ड ऑन बुक्स फॉर यंग पीपल (IBBY) द्वारा प्रायोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। 1967 में स्थापित, यह दिन हंस क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन, 2 अप्रैल को या उसके आसपास मनाया जाता है ।जिसमे गतिविधियों में लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक पुरस्कारों की घोषणा और बच्चों के साहित्य के लेखकों के साथ कार्यक्रम शामिल हैं । प्रत्येक वर्ष IBBY के एक अलग राष्ट्रीय अनुभाग को ICBD का अंतर्राष्ट्रीय प्रायोजक बनने का अवसर मिलता है। यह एक विषय पर निर्णय लेता है और मेजबान देश के एक प्रमुख लेखक को दुनिया के बच्चों और एक प्रसिद्ध चित्रकार को एक पोस्टर डिजाइन करने के लिए एक संदेश लिखने के लिए आमंत्रित करता है। इन सामग्रियों का उपयोग पुस्तकों और पढ़ने को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरीकों से किया जाता है। कई IBBY अनुभाग मीडिया के माध्यम से ICBD को बढ़ावा देते हैं और स्कूलों और सार्वजनिक पुस्तकालयों में गतिविधियों का आयोजन करते हैं। अक्सर आईसीबीडी बच्चों की किताबों और अन्य विशेष आयोजनों से जुड़ा होता है जिसमें लेखकों और चित्रकारों के साथ मुठभेड़, लेखन प्रतियोगिताएं या पुस्तक पुरस्कारों की घोषणा शामिल हो सकती है।

# जयंती विशेष 02 अप्रैल

राकेश कुमार




**उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ** *Bade Ghulam Ali Khan*, जन्म: 2 अप्रॅल, 1902 - मृत्यु: 25 अप्रैल, 1968) की गणना भारत के महानतम गायकों व संगीतज्ञों में की जाती है। वे विलक्षण मधुर स्वर के स्वामी थे। इनके गायन को सुनकर श्रोता अपनी सुध-बुध खोकर कुछ समय के लिए स्वयं को खो देते थे। भारत के कोने-कोने से संगीत के पारखी लोग ख़ाँ साहब को गायन के लिए न्यौता भेजते थे। क्या राजघराने क्या मामूली स्कूल के विद्यार्थी, ख़ाँ साहब की मखमली आवाज़ सभी को मंत्रमुग्ध कर देती थी। दिल को छू जाने वाली आवाज़ के मालिक उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ ने नवेली शैली के ज़रिए ठुमरी को नई आब और ताब दी। जानकारों के मुताबिक़ उस्ताद ने अपने प्रयोगधर्मी संगीत की बदौलत ठुमरी को जानी-पहचानी शैली की सीमाओं से बाहर निकाला।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.04.2024

## ठुमरी

ठुमरी भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक गायन शैली है। इसमें रस, रंग और भाव की प्रधानता होती है। अर्थात जिसमें राग की शुद्धता की तुलना में भाव सौंदर्य को ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। यह विविध भावों को प्रकट करने वाली शैली है जिसमें श्रृंगार रस की प्रधानता होती है साथ ही यह रागों के मिश्रण की शैली भी है जिसमें एक राग से दूसरे राग में गमन की भी छूट होती है और रंजकता तथा भावाभिव्यक्ति इसका मूल मंतव्य होता है। इसी वज़ह से इसे अर्ध-शास्त्रीय गायन के अंतर्गत रखा जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



तमिलनाडू के **न्यूक्लियर प्लांट** के पास स्थानीय लोगों ने रहस्यमय **यूएफओ** को देखा है। **स्थानीय लोगों** के अनुसार उन्होंने 10 बार से भी ज्यादा **यूएफओ** को उड़ते देखा है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## IPL 2024

### टॉप 5 बैटर्स (ऑरेंज कैप)

**विराट कोहली** (RCB)



**181 रन**

मैच 3 | बेस्ट 83*
स्ट्राइक रेट 141.4

**हेनरिक क्लासन** (SRH)



**167 रन**

मैच 3 | बेस्ट 80*
स्ट्राइक रेट 219.73

**शिखर धवन** (PBKS)



**137 रन**

मैच 3 | बेस्ट 103
स्ट्राइक रेट 133

**डेविड वॉर्नर** (DC)



**130 रन**

मैच 3 | बेस्ट 52
स्ट्राइक रेट 144.4

**रियान पराग** (RR)



**127 रन**

मैच 3 | बेस्ट 84*
स्ट्राइक रेट 171.6

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 357

"गुलाल गोटा " भारत के किस शहर का एक पारंपरिक त्यौहार

A. जयपुर

B. भोपाल

C. कोच्चि

D. शिमला



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

# TOB बूझो तो जानें. .

382

हाथ आए तो सौ काटे, जब थके तो पत्थर चाटे ....
बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# पोषण

ToBTLM 145

## विज्ञान

बिहार बोर्ड कक्षा 10

- पोषण एक विशेष प्रकार का प्रक्रम है जिसमें जीव भोजन ग्रहण कर उसका समुचित उपयोग करते हैं ।
- एककोशिकीय एवं बहुकोशिकीय जीव दोनों में पोषण की प्रक्रिया संपन्न होती है।

## पोषण के प्रकार

### स्वपोषण

स्वपोषण वह पोषण है जिसमें जीवों में भोजन बनाने की क्षमता होती है।

उदाहरण - हरे पेड़ पौधे साइनो बैक्टीरिया, हरा शैवाल





### परपोषण

परपोषण वह पोषण है जिसमें जीवों में भोजन बनाने की क्षमता नही होती है।

उदाहरण - कवक, सभी जन्तु , जीवाणु ,





राजेश कुमार सिंह

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

## माह: अप्रैल

चाइल्ड हेल्पलाइन
1098

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 06.04.2024 | फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 13.04.2024 | विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का गठन / पुनर्गठन |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 20.04.2024 | हजार्ड हंट |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 27.04.2024 | अगलगी से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS




# अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

/teachersofbihar

Madhu priya

02 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जिसके अंदर 'सनक' नहीं होती, वह कभी महान नहीं बन सकता।

**सुभाष चंद्र बोस**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org